# भाई की कलाई पर सजी राखियां, बहनों ने मांगा सुरक्षा का वचन

**नवभारत न्यूज**

**सांची, 28 अगस्त. भाई-बहन के अटूट प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और सुरक्षा का पवित्र पर्व रक्षाबंधन नगर सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए.**

रक्षाबंधन के अवसर पर सुबह से ही बाजारों में रौनक दिखाई दी. विभिन्न रंगों और आकर्षक डिजाइनों वाली राखियों से बाजार सजे रहे. महंगाई के बावजूद पर्व की खुशियों में कोई कमी नहीं आई और बहनों ने उत्साहपूर्वक अपने भाइयों के लिए राखियां खरीदीं. घर-घर में बहनों ने भाइयों का तिलक कर उनकी कलाई पर राखी बांधी तथा मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां मनाईं.



रक्षाबंधन को भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और परस्पर विश्वास का प्रतीक माना जाता है. इस दिन बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती है, जबकि भाई अपनी बहन की सुरक्षा और हर परिस्थिति में साथ देने का संकल्प लेता है. यही रक्षा सूत्र भाई-बहन के रिश्ते को प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी के मजबूत बंधन में बांधता है.

पर्व की विशेषता यह भी रही कि छोटे-छोटे नौनिहाल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साह के साथ रक्षाबंधन मनाया. घरों में मिठाइयों और पकवानों का दौर चलता रहा तथा बहनों और भाइयों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं.

### सामाजिक सद्भाव की भी बनी मिसाल

रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते के साथ सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश भी देता नजर आया. नगर में अनेक हिंदू भाइयों की कलाई पर मुस्लिम बहनों ने राखी बांधी, वहीं हिंदू बहनों ने भी अपने मुस्लिम भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर इस रिश्ते को और मजबूत किया. दोनों समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे के सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया. इस प्रकार रक्षाबंधन ने एक बार फिर साबित किया कि प्रेम और विश्वास के मजबूत धागे जाति और धर्म की सीमाओं से कहीं ऊपर होते हैं. राखी का धागा केवल कलाई नहीं बांधता, यह दिलों को जोड़कर प्रेम, विश्वास और भाईचारे का मजबूत रिश्ता कायम करता है.

### बहनों ने राखी बांधकर भाइयों से लिया रक्षा का वचन



**सिलवानी.** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को तहसील भर में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया. सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा. बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा की थाली सजाकर भाइयों की आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर प्रेम व स्नेह का संदेश दिया.

रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने थाली में कुमकुम, अक्षत, राखी, मिठाई और सूखा नारियल सहित पूजन सामग्री सजाई. इसके बाद भाई के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और राखी बांधकर मुंह मीठा कराया. भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार भेंट किए.

पर्व को लेकर सिलवानी सहित तहसील क्षेत्र के बाजारों में भी खासी रौनक देखने को मिली. राखी, मिठाई, कपड़े, श्रृंगार सामग्री और उपहारों की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ रही. दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन भी रक्षाबंधन मनाने के लिए अपने परिवारों के बीच पहुंचे. रक्षाबंधन के दौरान भाई-बहन के प्रेम से जुड़े गीतों की गूंज भी वातावरण में सुनाई देती रही.

### उप जेल में बहनों ने लिया अपराध नहीं करने का वचन

**बेगमगंज, 28 अगस्त.** उप जेल में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर बंदियों को राखी बांधने पहुंची बहनों ने नम आंखों से राखी बांधते हुए मनाया. उस समय भावुकता के क्षण देखने को मिले जब कई बहने राखी बांधते -बांधते रो पड़ी तो साथ में भाई भी हिचकियों से रो पड़े. बहनों ने अपने भाइयों की सलामती की दुआ के साथ उनसे भविष्य में किसी प्रकार का अपराध नहीं करने का वचन भी लिया. शुक्रवार सुबह से ही जेल में बहनों का तांता लगा हुआ था जो बारी-बारी से अपने भाइयों एवं उन बंदियों को राखी बांध रही थी . जिनके परिवार से कोई बहन नहीं आ सकी थी. राखी बांधवाते समय कई बंदियों की आंखों में आंसुओं की धारा जारी हो गई और बुझे भारी शब्दों से शब्दों उन्होंने बहनों के सर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया तो बहनों ने उनकी सलामती ओर जल्दी जेल से रिहा होने की प्रार्थना की. वहीं बहनों ने भी राखी के बांधने के साथ उनका मुंह मीठा कराकर भविष्य में किसी प्रकार का अपराध नहीं करने का वचन भी लिया.



## बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**सांईखेड़ा, 28 अगस्त.** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को तहसील भर में हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया. बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा की थाली सजाकर भाइयों की आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर प्रेम व स्नेह का संदेश दिया.

रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने थाली में कुमकुम, अक्षत, राखी, मिठाई और सूखा नारियल सहित पूजन सामग्री सजाई. भाई को तिलक लगाकर आरती उतारी. भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार भेंट किए.



### पेड़ों को बांधी राखी, बच्चों ने दिया संरक्षण का संदेश

**गैरतगंज.** नगर के एच.पी. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन कार्यक्रम की शुरुआत राखी मेकिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने आकर्षक राखियां तैयार कीं. छात्राओं ने विद्यालय के छात्रों की कलाई पर राखी बांधी. कार्यक्रम की खास बात रही पेड़ों को राखी बांधने की पहल, जिसने सभी का मन मोह लिया. विद्यार्थियों, प्राचार्य एवं स्टाफ ने विद्यालय परिसर में मौजूद पेड़ों को राखी बांधी और उनके संरक्षण का संकल्प लिया. प्राचार्य नीलम श्रीवास्तव ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, बल्कि यह हमें अपने आसपास की हर चीज की रक्षा करने का संदेश देता है.



उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों और उनकी रचनात्मकता की सराहना की.

## सलामतपुर के पास दो कारों में टक्कर, पांच घायल

▶ भोपाल-विदिशा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा





**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 28 अगस्त. भोपाल-विदिशा नेशनल हाइवे 146 पर शुक्रवार को ढकना चपना स्थित जागीरदार ढाबा के पास दो में आमने-सामने हुई टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. टक्कर के बाद इनोवा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में घुस गई, जबकि दूसरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक एमएच 12 पीजेड 2059 से एक परिवार सागर से भोपाल की ओर जा रहा था. इसी दौरान भोपाल की तरफ से विदिशा की ओर से आ रही मध्यप्रदेश शासन लिखी हुई कार क्रमांक एमपी 09 एओ 1628 के चालक ने सामने से आ रही कार में टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में कार में सवार तीन पुरुष और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बार इनोवा चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया. पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है.

घटना की सूचना मिलते ही सलामतपुर थाने की डायल-112 टीम से कांस्टेबल कुलदीप दांगी और पायलट मुकेश विश्वकर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे. स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घायलों को क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकालकर सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. हादसे में घायल तीन पुरुषों और दो महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है. सलामतपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## गड्ढों में तब्दील मुख्य सड़कें, सावधानी हटी तो हादसा तय

▶ बजरंग चौराहा से बरेली मार्ग तक सड़क की स्थिति बेहद खराब

**शुभम साहू**

**सिलवानी, 28 अगस्त. नगर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे एवं प्रमुख मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं. सड़कें जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, जिससे पैदल राहगीरों से लेकर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों तक सभी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

लगातार हो रही बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है. ऐसे में जरा सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है.



नगर के बजरंग चौराहा से बरेली मार्ग तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है. कई स्थानों पर सड़क उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं. इसी प्रकार बजरंग चौराहा से उदयपुरा मार्ग पर भी गड्ढों की भरमार है, जिससे वाहन चालकों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बारिश के दौरान इन मार्गों से गुजरना जोखिम भरा साबित हो रहा है.

### करोड़ों की लागत से बनी फोरलेन भी बदहाल

सिलवानी से आमापानी कॉलोनी तक करीब दो किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क, जिसका निर्माण कुछ वर्ष पूर्व ही किया गया था, आज अपनी बदहाल स्थिति पर सवाल खड़े कर रही है. सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं और बारिश ने हालात को और अधिक खराब कर दिया है. लोगों का कहना है कि अब सड़क कम और गड्ढे ज्यादा दिखाई देते हैं.

**अतिक्रमण से गायब हुए फुटपाथ, बढ़ा हादसों का खतरा-** भोपाल रोड पर तहसील कार्यालय से लेकर बजरंग चौराहा एवं मुख्य बाजार क्षेत्र तक फुटपाथों पर अतिक्रमण का कब्जा है. दुकानदारों द्वारा सामान सड़क तक फैलाने के कारण पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ उपलब्ध नहीं हैं. मजबूरन लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे यातायात का दबाव बढ़ने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है.

**मरम्मत की मांग, जिम्मेदार विभाग से कार्रवाई की अपेक्षा-** नगरवासियों का कहना है कि संबंधित विभाग को तत्काल सर्वे कराकर सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करानी चाहिए. समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया तो बारिश के मौसम में बड़े हादसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र सुधार कार्य शुरू कराने की मांग की है.

सोशल मीडिया पर छलका लोगों का

## गैस कैप्सूल टैंकर से सिलेंडर भरते पकड़े गए 3 आरोपी

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 28 अगस्त.** जिला मुख्यालय से 110 किमी दूर गौहरगंज थानांतर्गत भोपाल - जबलपुर नेशनल हाइवे 45 पर ग्राम आलमपुर के पास बंद पड़े एक ढ़ाबे को फिरोज अहमद एवं रोशन लोधी नामक आरोपियों ने एक साल पहले किराए पर लेकर अवैध एलपीजी बॉटलिंग प्लॉट बनाकर गैस से भरे कैप्सूलों के ड्राइवरों से सांठगांठ करके गैस चुराई जा रही थी. गौहरगंज थानाप्रभारी विनोद परमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करके बंद पड़े ढ़ाबे पर दो कैप्सूल वाहनों से एक स्पेशल नोजल से खाली गैस सिलेंडर भरते हुए तीन आरोपियों फिरोज अहमद 34 वर्ष निवासी ग्राम ठीकरी गौहरगंज , रोशन लोधी 38 वर्ष एवं अरुण लोधी 22 वर्ष दोनों निवासी राहुल नगर मंडीदीप को रंगेहाथों पकड़ा गया है. इस बीच दोनों कैप्सूल टैंकर के ड्राइवर फरार हो गए. दोनों वाहन मालिकों एवं एचपीसीएल अधिकारियों को बुलाया गया है.

## रक्षाबंधन पर दो महिलाओं ने की खुशकुशी

▶ एक ने मायके जाने, दूसरी ने पकवान के लिए दी जान

**बेगमगंज, 28 अगस्त. रक्षाबंधन पर वीरपुर में एक महिला ने मायके जाने, बेगमगंज में दूसरी महिला ने पकवान बनाने के लिए खाद्य सामग्री को लेकर हुए विवाद में फांसी लगा ली.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम वीरपुर निवासी सुमित गौर की 27 वर्षीय पत्नी रूबी गौर ने रक्षाबंधन पर अपने मायके ग्राम बेरी तहसील खुरई जिला सागर जाने की जिद की तो पति सुमित गौर ने परिवार में अंधरे (गमी) का त्यौहार होने का बोलकर दो दिन बाद छोड़ने का कह दिया था और रक्षाबंधन एवं घरेलू सामान खरीदने बेगमगंज बाजार आ गया. सामान खरीदकर जब वो वापस घर पहुंचा तो उसके दोनों पुत्र एक 5 वर्षीय एवं दूसरा 7 वर्षीय बाहर खेल रहे थे . लेकिन घर में एक कमरे का दरवाजा बंद मिला, दरवाजे के लॉक को तोड़ने के बाद देखा कि अंदर पंखे के कुन्दे से पत्नी रूबी गौर झूल रही है. दूसरी दुखद घटना में नगर के वार्ड क्र.17 श्यामनगर टेकरी वाले मंदिर के पुजारी पंडित फूलचंद दुबे की 52 वर्षीय पत्नी रजनी दुबे ने रक्षा बंधन पर्व पर पकवान बनाने के लिए सामग्री लाने के लिए हुए मामूली विवाद पर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुजारी दुबे के बताए अनुसार वह ग्राम ध्वाज के निवासी हैं और पिछले कुछ वर्षों से श्यामनगर मंदिर में पुजारी होकर यहीं पर निवास करते हैं. उनके तीन पुत्र है. गुरुवार की शाम को उनकी पत्नी रजनी दुबे ने रक्षाबंधन पर पकवान बनाने के लिए सामान लाने को कहा तो उन्होंने थोड़ी देर में लाने की बात कही तो वो बहस करने लगी. तब वो दुकान पर सामान खरीदने चले गए थे. वापस लौटने पर देखा कि उनकी पत्नी फांसी के फंदे पर झूल रही है.

## 52 सीटर बसों में ठूंसे 100 यात्री, लटककर सफर

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 28 अगस्त.** रक्षाबंधन पर सलामतपुर और भोपाल-विदिशा मार्ग पर यात्रा करना लोगों के लिए बेहद तकलीफदेह साबित हुआ. 42 और 52 सीटों वाली बसों में 60 से 100 यात्री ठूंस-ठूंसकर भरे गए. बस के गलियारों, सीढ़ियों और गेट पर लटककर लोग जान जोखिम में डालकर सफर करते दिखे. उमस और भारी भीड़ के कारण बसों के अंदर दम घुटने जैसी स्थिति बनी रही. महिलाएं छोटे बच्चों को गोद में लेकर खड़े-खड़े सफर करने को मजबूर हुईं, जबकि कंडक्टरों ने पूरा किराया वसूला. यात्रियों ने रायसेन आरटीओ और यातायात पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं. आरोप है कि हर त्योहार पर ऐसी स्थिति बनने के बावजूद अधिकारी चेकिंग अभियान नहीं चलाते. समाजसेवी कैलाश गोस्वामी और व्यापारी मयंक साहू ने मांग की है कि रूट पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएं. साथ ही, ओवरलोड बसों पर कार्रवाई की जाए.



**विरोध** ▶ कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

## चुटकी भर शक्कर बांटकर कांग्रेस ने जताया महंगाई का विरोध

**नवभारत न्यूज**

**देवरी, 28 अगस्त. बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी के नेतृत्व में रैली एवं धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों को चुटकी भर शक्कर बांटकर सरकार के खिलाफ अनोखे अंदाज में विरोध जताया और महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की.**

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है. बस किराया, शक्कर, पेट्रोल-डीजल, ई-20 पेट्रोल, बिजली बिल, गैस सिलेंडर, खाद्य तेल सहित रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से आम परिवारों का बजट बिगड़ गया है. नेताओं ने कहा कि त्योहारों के सीजन में शक्कर के बढ़ते दामों के कारण मिठास भी फीकी पड़ रही है, वहीं प्याज के बढ़े दाम आम लोगों को रुला रहे हैं. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल एवं मध्यप्रदेश शासन के नाम तहसीलदार देवरी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण लगाने तथा रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है. उन्होंने सरकार से आम लोगों को राहत देने के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण करने की मांग की. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रताप सिंह लोधी, प्रदेश कांग्रेस किसान मोर्चा सचिव परमेश सिंह रघुवंशी, संतोष रघुवंशी, परसोत्तम रघु, अनुराग रघु आदि मौजूद रहे.

## गढ़ी में घर के सामने से स्कॉर्पियो चोरी

**रायसेन, 28 अगस्त.** ज़िले की ग़ैरतगंज तहसील के गढ़ी क़स्बे में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात घर के सामने खड़ी एक स्कॉर्पियो चोरी होने का मामला सामने आया है.

जानकारी के अनुसार मोहन माहेश्वरी के पुत्र शुभम माहेश्वरी एवं सुजल माहेश्वरी देवास से स्कॉर्पियो ख़रीदकर रात करीब साढ़े 12 बजे अपने घर गढ़ी पहुंचे थे. घर पहुंचने के बाद उन्होंने नई ख़रीदी गई स्कॉर्पियो को घर के सामने खड़ा कर दिया. बताया जा रहा है कि क़रीब डेढ़ बजे के आसपास चोर स्कॉर्पियो लेकर फ़रार हो गए. सुबह जब परिजन उठे तो घर के सामने से वाहन गायब मिला.

## विश्व हिंदू परिषद की प्रखंड बैठक आयोजित

▶ संगठन मजबूती, कार्यक्रमों की भव्यता पर जोर

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 28 अगस्त. जनपद के श्री भैरव बाबा मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. कार्यक्रम की शुरुआत श्री राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन-अर्चन और सांगठनिक कार्य पद्धति के अनुसार की गई.**

बैठक के प्रारंभ में सलामतपुर के सांची प्रखंड अध्यक्ष पंडित देवेंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का औपचारिक परिचय कराया.



इसके पश्चात विहिप के जिला मंत्री डॉ. राजेश लोधी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. अपने उद्बोधन में डॉ. राजेश लोधी ने संगठन को आधारभूत स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि विश्व हिंदू परिषद के कार्य और विचारधारा को प्रखंड स्तर से आगे बढ़ाते हुए हर ग्राम समिति तक पहुंचाया जाए. इसके साथ ही उन्होंने सांगठनिक अनुशासन और बैठकों व कार्यक्रमों में समय की पाबंदी के विशेष महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने आने वाले आगामी धार्मिक एवं सामाजिक उत्सवों को पूर्ण भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न कराने का आह्वान भी किया.